CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

□ वर्ष- 29 □ अंक- 207 □ रायपुर, गुरुवार 20 अगस्त 2026 □ पृष्ठ-8 □ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

# पूर्व पीसीसी कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल के धमतरी स्थित निवास में ईडी का छापा

## सुबह से दो गाड़ियों में पहुंचे अधिकारी, खंगाले गए दस्तावेज व वित्तीय लेनदेन की जानकारी



**धमतरी, 20 अगस्त (हाईवे चैनल)।** आज शहर में एक बार फिर ईडी की दबिश हुई। जैसी ही यह सूचना फैली हड़कम्प मच गया। इस बार ईडी की रेड प्रदेश कांग्रेस पूर्व कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल के धमतरी स्थित निवास पर पड़ी।

आज सुबह प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम दो गाड़ियों में कांग्रेस के पूर्व कोषाध्यक्ष एवं वरिष्ठ नेता रामगोपाल अग्रवाल के धमतरी औद्योगिक वार्ड स्थित निवास पर दबिश दी। ऐसी चर्चा है कि कथित छत्तीसगढ़ शराब, कोल व कस्टम मीलिंग घोटाले से जुड़े मामले में यह कार्रवाई हो सकती है। हालांकि ईडी की दबिश के सही कारणों का खुलासा जांच पूरी होने के बाद हो पाएगा। लेकिन चर्चाओं का बाजार गर्म है। बताया जा रहा है कि सीआरपीएफ के जवानो सहित लगभग 8-9 अधिकारियों की टीम सुबह से रामगोपाल अग्रवाल के निवास पर जांच की। विभिन्न दस्तावेज खंगाले गए। घर के बाहर सुरक्षा व्यवस्था तैनात कर टीम ने अंदर दस्तावेजों, रिकॉर्ड और अन्य जरूरी कागजात की जांच की। समाचार लिखे जाने तक ईडी की



कार्रवाई जारी रही। टीम घर के अंदर विभिन्न दस्तावेजों और वित्तीय रिकॉर्ड को खंगाल रही है। हालांकि, तलाशी के दौरान अब तक क्या-क्या मिला है, इसकी आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। ईजी की ओर से भी फिलहाल इस कार्रवाई को लेकर कोई विस्तृत आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। ज्ञात हो कि रामगोपाल अग्रवाल पहले से ही ईडी की जांच के घेरे में है। रामगोपाल अग्रवाल को 8 जुलाई से गिरफ्तार किया गया था तबसे वे जेल में है।

### रामगोपाल के निवास के बाहर धरने पर बैठे कांग्रेसी, किया ईडी की कार्रवाई की विरोध



आज वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल के धमतरी स्थित निवास (औद्योगिक वार्ड) में ईडी की दबिश की सूचना मिलते ही कांग्रेस में कार्रवाई को लेकर विरोध शुरु हो गया। सूचना मिलते ही कांग्रेसी रामगोपाल के निवास के बाहर एकत्रित हुए और धरने पर बैठकर उक्त कार्रवाई को दुर्भावनावश और परिवारजनों को प्रताड़ित करने के उद्देश्य से की जा रही कार्रवाई बताया। साथ ही इसे भाजपा सरकार की तानाशाही और दमनकारी कार्रवाई बताते हुए आवाज बुलंद किया गया। श्री अग्रवाल के निवास के बाहर वरिष्ठ नेता शैलेष नीतिन त्रिवेदी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष तारिणी चन्द्राकर, विधायक ओंकार साहू, पूर्व महापौर विजय देवांगन, शरद लोहना, विपिन साहू, मोहन लालवानी, शहर ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष गौतम वाधवानी, योगेश शर्मा, अरविंद दोशी, आकाश गोलछा, होरीलाल साहू, साहिल अहमद, राजेश पाण्डेय, सूर्याराव पवार, संजु साहू सहित अन्य कांग्रेसी मौजूद रहे।

#### भाजपा सराकर के इशारे पर ईडी व अन्य केन्द्रीय जांच एजेंसी विपक्ष को परेशान व बदनाम करने के लिए कार्य कर रही है : ओंकार साहू



*धमतरी विधायक ओंकार साहू ने कहा कि भाजपा सराकर के इशारे पर ईडी व अन्य केन्द्रीय जांच एजेंसी विपक्ष को परेशान व बदनाम करने के लिए कार्य कर रही है। पूर्व में ही रामगोपाल अग्रवाल को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जा चुका है और अब ईडी उनके खिलाफ सबूत जुटाने निकली है। कांग्रेस इस तानाशाही व दमनकारी कार्रवाई का पूरजोर विरोध करती है।*

#### कार्रवाई के दबाव में भाजपा विपक्ष की आवाज को दबा नहीं पाएगी : तारिणी चन्द्राकर



*कांग्रेस जिलाध्यक्ष तारिणी चन्द्राकर ने कहा कि भाजपा सरकार शुरु से ही केन्द्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग करती रही है। विपक्ष को दबाने कार्रवाई एजेंसियों के माध्यम से की जा रही है। आज वरिष्ठ कांग्रेस नेता रामगोपाल अग्रवाल के निवास पर छापेमारी का कांग्रेस पूरजोर विरोध करती है। उन्होने यह स्पष्ट किया कि कार्रवाई के दबाव में भाजपा विपक्ष की आवाज को दबा नही पायेगी।*

### रामगोपाल के बाद कारोबारी अनूप अग्रवाल के ठिकानों पर भी छापेमारी



**रायपुर, 20 अगस्त (हाईवे चैनल)।** प्रवर्तन निदेशालय ने केवल कांग्रेस नेता रामगोपाल अग्रवाल के ही ठिकानों पर नहीं, बल्कि उनके कई करीबियों के भी ठिकानों पर छापा मारे जाने की खबर सामने आ रही है. जानकारी के अनुसार, ईडी ने जीडी लॉजिस्टिक के संचालक और डॉक्टर कमलेश्वर अग्रवाल के भाई अनूप अग्रवाल के रविनगर स्थित घर और दफ्तर समेत चार ठिकानों पर छापामार कार्रवाई कर रही है. इसी तरह रामगोपाल अग्रवाल के भतीजे प्रतीक अग्रवाल के धमतरी आवास पर छापा मारा है. इस कार्रवाई में प्रवर्तन निदेशालय के दर्जनभर अधिकारी और पुलिस के जवान शामिल हैं।

## चंडीगढ़-मनाली हाईवे की टनल के अंदर दो ट्रकों में टक्कर तीन लोगों की मौत, आठ घायल



**नई दिल्ली, 20 अगस्त (न्यूज चैनल)।** चंडीगढ़-मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग पर टनल नंबर 12 में गुरुवार सुबह दो ट्रकों की आमने-सामने भीषण टक्कर हो गई। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि आठ घायल हुए हैं। घायलों में दो की हालत नाजुक बताई जा रही है। दोनों को बेहतर उपचार के लिए श्री लाल बहादुर शास्त्री राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल नेरचौक रेफर किया गया है।

हादसा सुबह करीब पौने आठ बजे टनल नंबर 12 में हुआ। जानकारी के अनुसार पंजाब नंबर के ट्रक और हिमाचल नंबर के ट्रक के बीच टक्कर हुई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों वाहनों में सवार लोग घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही औट पुलिस टीम और जांच अधिकारी मौके पर पहुंचे तथा राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। घायलों को 108 एंबुलेंस के माध्यम से नगवाईं स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। यहां चिकित्सकों ने तीन लोगों को मृत घोषित कर दिया। अन्य घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज नेरचौक और क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू रेफर किया गया। इनमें दो घायलों की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें नेरचौक मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। हादसे के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। डीएसपी पधर लोकेंद्र नेगी ने हादसे की पुष्टि करते हुए बताया कि मामले में नियमानुसार आगामी कार्रवाई की जा रही है और दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

## मेरी जवानी और बेडरूम के सपने मत देखो... बाबा रामदेव पर भड़की कंगना

**नई दिल्ली, 20 अगस्त (न्यूज चैनल)।** कंगना अपनी बेबाक राय रखने के लिए जानी जाती हैं और अपने बयानों को लेकर अक्सर विवादों में भी रहती हैं। हाल ही में जेन जी को लेकर की गई उनकी टिप्पणी पर उन्हें काफी आलोचना झेलनी पड़ी थी। कंगना ने युवाओं को जनरेशन गटर तक कह दिया था, जिस पर कई लोगों ने आपत्ति जताई। योग गुरु बाबा रामदेव ने भी कंगना के इस बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए उनकी पृष्ठभूमि और शैक्षणिक योग्यता पर सवाल उठाए। अब कंगना ने भी बाबा रामदेव के इस बयान का जवाब देते हुए उन पर पलटवार किया है। बीते दिनों दिल्ली के जंतर-मंतर पर नीट परीक्षा में पेपर लीक के मुद्दे को लेकर युवाओं ने विरोध प्रदर्शन किया था। इस सीजेपी प्रोटेस्ट के दौरान कुछ प्रदर्शनकारियों की तरफ से कथित तौर पर आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल भी किया गया।

## ब्रेकिंग न्यूज

### चेन्नई में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने तमिलनाडु के सीएम विजय से की मुलाकात, क्षेत्रीय सहयोग बढ़ाने पर दिया जोर



**नई दिल्ली, 20 अगस्त (न्यूज चैनल)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने चेन्नई में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री जोसेफ विजय से मुलाकात की। यह मुलाकात दक्षिणी राज्यों के मुख्यमंत्रियों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रतिनिधियों की एक महत्वपूर्ण क्षेत्रीय बैठक से ठीक पहले हुई है। मई में मुख्यमंत्री पद संभालने के बाद दोनों नेताओं के बीच यह पहली आधिकारिक मुलाकात थी। गृह मंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर इस मुलाकात की तस्वीरें साझा करते हुए जानकारी दी। यह बैठक ऐसे समय में हो रही है जब केंद्र और दक्षिणी राज्य पानी के बंटवारे के विवाद और क्षेत्रीय विकास जैसे लंबे समय से लंबित अंतर-राज्यीय मुद्दों पर चर्चा करने की तैयारी कर रहे हैं। बता दें कि बैठक की अध्यक्षता शाह करेंगे जबकि मेजबान मुख्यमंत्री के तौर पर विजय काउंसिल के उपाध्यक्ष होंगे। इसमें भाग लेने वाले राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ-साथ केंद्र शासित प्रदेशों के उप-राज्यपालों और प्रशासकों के शामिल होने की उम्मीद है।

## छत्तीसगढ़ के योगेश साहू ने केबीसी में जीते 50 लाख, आईएएस बनने छोड़ी नौकरी, पूर्व राज्यपाल रमेश बैस की गाड़ी चलाता है पिता



**बलौदाबाजार, 20 अगस्त (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार जिले के रहने वाले 23 साल के योगेश साहू ने कौन बनेगा करोड़पति में 50 लाख रुपए जीते हैं। उन्होंने 1 करोड़ रुपए के सवाल का जवाब देने के बजाय गेम क्विट कर दिया। मुंबई से लौटने के बाद भाटापारा रेलवे स्टेशन पर सामाजिक कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने योगेश का जोरदार स्वागत किया। उनकी सफलता पर परिवार, गांव और क्षेत्र के लोगों ने खुशी जताई।

बता दें कि योगेश के पिता गयाराम साहू महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल रमेश बैस के ड्राइवर हैं। ग्राम टेहका के रहने वाले योगेश आईआईटी बॉम्बे में टॉपर रह चुके हैं। उन्होंने आईआईटी में पहले ही प्रयास में एडमिशन लिया था। उन्होंने कैंपस प्लेसमेंट में मिली 1.5 लाख रुपए महीने की नौकरी छोड़ दी, क्योंकि वह आईएएस अधिकारी बनने का अपना सपना पूरा करना चाहते हैं। योगेश ने इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई की है।

## वंदे मातरम के दो पद ही गाएगी कांग्रेसः पार्टी ने दोहराया 1937 का फैसला; अय्यर ने सरकार को बताया मुसलमान विरोधी

**नई दिल्ली, 20 अगस्त (न्यूज चैनल)।** कांग्रेस ने गुरुवार को स्पष्ट किया कि पार्टी वंदे मातरम के केवल पहले दो पद गाने की अपनी परंपरा पर कायम रहेगी। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि पार्टी स्वतंत्रता सेनानियों द्वारा तय किए गए रास्ते पर चलेगी, न कि केंद्र सरकार के नए प्रोटोकॉल के मुताबिक। वहीं, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मणिशंकर अय्यर ने आरोप लगाया कि मुसलमानों के प्रति नफरत की वजह से वंदे मातरम के पूरे पाठ को अनिवार्य किया गया है। कांग्रेस का यह रुख कांग्रेस कार्यसमिति के उस प्रस्ताव के एक दिन बाद सामने आया, जिसमें 1937 में लिए गए फैसले को दोहराया गया है। उस समय सीडब्लयूसी ने तय किया था कि कांग्रेस के कार्यक्रमों में वंदे मातरम के सिर्फ पहले दो पद ही गाए जाएंगे। यह फैसला ऐसे समय में चर्चा में है, जब केंद्र सरकार ने हाल ही में राष्ट्रगीत के पूर्ण गान को आधिकारिक प्रोटोकॉल का हिस्सा बनाया है।

## ब्लू वाटर में डूबा 24 वर्षीय युवक, दोस्तों से लगी तैरने की शर्त पड़ी भारी; एसडीआरएफ ने शुरू किया सर्च ऑपरेशन



**रायपुर, 20 अगस्त (हाईवे चैनल)।** राजधानी रायपुर के माना थाना क्षेत्र के नकटी गांव स्थित चर्चित ब्लू वाटर में बुधवार शाम एक दर्दनाक हादसा हो गया। दोस्तों के साथ घूमने पहुंचे 24 वर्षीय युवक ने पानी में एक छोर से दूसरे छोर तक तैरकर जाने की शर्त लगाई। इसी दौरान वह गहरे पानी में चला गया और देखते ही देखते डूब गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और एसडीआरएफ की टीम को बुलाकर सर्च ऑपरेशन शुरू कराया गया।

जानकारी के मुताबिक, मौदहापारा निवासी आदिल खान (करीब 24 वर्ष) बुधवार शाम अपने तीन दोस्तों के साथ नकटी गांव स्थित ब्लू वाटर घूमने पहुंचा था। इसी दौरान दोस्तों के बीच पानी में तैरकर एक छोर से दूसरे छोर तक जाने की शर्त लग गई। बताया जा रहा है कि आदिल और उसका एक दोस्त पानी में उतरकर तैरने लगे। कुछ दूरी तक तैरने के बाद आदिल गहरे पानी की ओर चला गया। वह खुद को संभाल नहीं पाया और पानी में डूब गया। युवक के डूबने की जानकारी मिलते ही माना थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने तत्काल एसडीआरएफ की टीम को सूचना दी। टीम मौके पर पहुंची और युवक की तलाश के लिए सर्च ऑपरेशन शुरू किया।

हालांकि, ब्लू वाटर में पानी काफी गहरा होने और अंधेरा बढ़ने के कारण रात में रेस्क्यू अभियान चलाने में मुश्किलें सामने आईं। इसके चलते सर्च ऑपरेशन को रात में रोकना पड़ा। एसडीआरएफ की टीम ने अंधेरा होने के कारण रात में अभियान रोकने के बाद सुबह करीब 5:30 बजे दोबारा सर्च ऑपरेशन शुरू करने की तैयारी की। पुलिस और एसडीआरएफ की टीम युवक की तलाश में जुटी रही। घटना की जानकारी युवक के परिजनों को भी दे दी गई है। ब्लू वाटर क्षेत्र में गहरे पानी के कारण पहले भी डूबने की घटनाएं सामने आती रही हैं। इसके बावजूद लोग अक्सर यहां घूमने और पानी में उतरने पहुंच जाते हैं। ताजा हादसे ने एक बार फिर ऐसे स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था और लोगों की लापरवाही को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### डिप्टी सीएम साव बोले- ऐसी घटनाएं रोकने करेंगे काम

*ब्लू वाटर लेक में युवाओं की मौत की बढ़ती घटनाओं को लेकर उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि हर एक जान कीमती है और प्रशासन इस मामले का गंभीरता से संज्ञान लेगा। अरुण साव ने कहा कि ब्लू वाटर लेक में भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों, इस पर प्रशासन काम करेगा।*

## पाकिस्तानी उच्चायोग के बाहर सुरक्षा घेरा तोड़ा, इस्लामाबाद की कार्रवाई के बाद भारत का एक्शन




**नई दिल्ली, 20 अगस्त (न्यूज चैनल)।** भारत ने पाकिस्तान से जुड़े एक केंद्र पर सख्त कार्रवाई की है। समाचार एजेंसी एएनआई की रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय अधिकारियों ने दिल्ली में पाकिस्तानी उच्चायोग के बाहर का सुरक्षा घेरा हटाने का फैसला लिया है। हाई कमीशन के बाहर से सामने आए वीडियो में देखा जा सकता है कि उच्चायोग के बाहर बाड़े की तरह लगाया गया बाहरी सुरक्षा घेरा हटा दिया गया है। अधिकारियों ने ट्रैफिक बोलार्ड और बैरिकेड्स भी हटा दिए हैं। पहले इस डिप्लोमैटिक परिसर की सुरक्षा के कारण यहां घेरा बनाकर रखा गया था। पाकिस्तानी उच्चायोग के बाहर का सुरक्षा घेरा हटाने की कार्रवाई क्यों की गई है, इस संबंध में भारत सरकार, दिल्ली पुलिस या किसी अन्य उच्च पदस्थ अधिकारी की तरफ से फिलहाल कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। हालांकि, ये बात जगजाहिर है कि भारत और पाकिस्तान के संबंध में तनाव लंबे समय से बरकरार है। पड़ोसी मुल्क के नेता और सैन्य अफसर अक्सर अपने बड़बोलेपन से रिश्तों की दरारों को और चौड़ा करने में कोई कसर बाकी नहीं रखते।

दिल्ली में उठाए गए इस कदम को इस्लामाबाद में भारतीय उच्चायोग के बाहर पाकिस्तान की हालिया कार्रवाई के जवाब के तौर पर देखा जा रहा है। कुछ दिन पहले पाकिस्तानी अधिकारियों ने इस्लामाबाद स्थित भारतीय हाई कमीशन के बाहर लगाए गए पार्किंग पोल हटा दिए थे। इसके बाद भारत की ओर से भी पाकिस्तान के राजनयिक मिशन के बाहर सुरक्षा व्यवस्था में बदलाव किया गया। भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ने पर इस तरह के जवाबी प्रशासनिक कदम पहले भी सामने आते रहे हैं। दोनों देश समय-समय पर एक-दूसरे के राजनयिक कर्मचारियों की संख्या घटाने, आवाजाही और पहुंच पर प्रतिबंध लगाने तथा मिशन से जुड़ी सुविधाओं को सीमित करने जैसे फैसले लेते रहे हैं। ऐसे में दिल्ली में पाकिस्तान हाई कमीशन के बाहरी सुरक्षा घेरे को हटाया जाना भी इसी सिलसिले का हिस्सा माना जा रहा है।

यह घटनाक्रम जम्मू-कश्मीर को लेकर जारी कूटनीतिक गतिविधियों के बीच सामने आया है। जम्मू-कश्मीर की यात्रा के दौरान भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने क्षेत्र को भारत का अहम हिस्सा बताया था। उनके इस बयान को भी भारत-पाकिस्तान संबंधों के मौजूदा संदर्भ में महत्वपूर्ण माना गया। भारत और पाकिस्तान के बीच मौजूदा तनाव की सबसे बड़ी वजह सीमा पार आतंकवाद है। पाकिस्तान की जमीन से भारत के खिलाफ आतंकवादी गतिविधियों को समर्थन मिलता है। चंद घंटे पहले की इस घटना से जुड़ी रिपोर्ट्स के मुताबिक गोर की टिप्पणी से तिलिमिलाए पाकिस्तान ने अपने देश में अमेरिकी राजदूत को तलब कर कड़ी आपत्ति दर्ज कराई है। दोनों देशों के बीच मौजूदा तनाव की प्रमुख वजह सीमा पार आतंकवाद है। अप्रैल 2025 में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत-पाकिस्तान संबंधों में और गिरावट आई।

## जेल में बंद कांग्रेस के पूर्व सांसद सज्जन कुमार का निधन, 1984 दंगों में मिली थी उम्रकैद



**नई दिल्ली, 20 अगस्त (न्यूज चैनल)।** पूर्व सांसद और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सज्जन कुमार का निधन हो गया है। उन्हें दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल लाया गया था, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। अस्पताल के सूत्रों ने यह जानकारी दी है। फिलहाल, सज्जन कुमार के निधन के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी की प्रतीक्षा है। सज्जन कुमार एक अनुभवी राजनेता थे और उन्होंने लोकसभा में सांसद के रूप में कार्य किया। वे 1984 के सिख विरोधी दंगों के मामले में दोषी पाए गए थे। हालांकि, हाल ही में दिल्ली उच्च न्यायालय ने दो मामलों में उन्हें बरी कर दिया था। सूत्रों का कहना है कि अस्पताल पहुंचने से पूर्व ही उनका निधन हो गया था, लेकिन इस पर अभी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। सज्जन कुमार के निधन से राजनीतिक गलियारों में शोक की लहर है। उनके निधन के कारणों का पता चलने के बाद ही आगे की जानकारी सामने आ पाएगी।




**चूहा- सुनती हो, केजरीवाल कह रहें हैं कि शाह के कहने पर ही सत्येंद्र जैन की गिरफ्तारी हुई है।**

**चुहिया- हां जी, फिर जमानत भी शाह के कहने पर मिली होगी..!**

CMYK